हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025

कुरुद | सिरीं | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 40 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री


13 भखारा में फोटोग्राफर भाइयों पर हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार...





14 दूसरे दिन भी चला अभियान, 120 से ज्यादा अवैध होर्डिंग हटाए गए




## खबर संक्षेप

### रेत और गिट्टी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई

■ तीन ट्रैक्टर और एक हाईवा जब्त

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के सख्त निर्देश के बाद रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभाग के अधिकारियों ने 16 अप्रैल को कुरूद क्षेत्र में अवैध गिट्टी का अवैध परिवहन करते एक ट्रेक्टर, रेत का अवैध परिवहन करते दो ट्रेक्टर और एक हाईवा को जब्त किया है। जिले के खनिज अधिकारी हीरादास भारद्वाज ने बताया कि अवैध रेत और गिट्टी परिवहन के मामले में चारों वाहनों को जब्त कर मंडी परिसर कुरूद में रखा गया है। इसके बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### परिक्षेत्रीय स्तर पर 25 को मनेगी सेन जयंती

**धमतरी।** सर्व सेन समाज की बैठक गत दिनों हुई। 25 अप्रैल को संत शिरोमणि सेनजी महाराज की जयंती तहसील एवं परिक्षेत्रीय स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया।



स्वजातीयगण अपने-अपने घरों में ईष्ट गुरु सेनजी की पूजा-अर्चना कर उनकी जयंती मनाएंगे। सेन जयंती पर पूरे जिले के सामाजिकजन अपनी प्रतिष्ठानें बंद रख आस्था और सामाजिक एकता का परिचय देगें। यह जानकारी धनसिंह सेन जिलाध्यक्ष, लालाराम सेन उपाध्यक्ष, भगवानीराम शांडिल्य सचिव, रविकुमार कौशल कोषाध्यक्ष ने दी है।

### स्टार्टअप के लिए कार्यशाला 25 को

**धमतरी।** जिले के आदिवासी युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर तलाशने और उनका भविष्य संवारने के लिए स्टार्टअप शुरू करने एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला 25 अप्रैल को सुबह 10 बजसे नगरी ब्लॉक के सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय छिपली में होगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने महाविद्यालय के प्राचार्य को कार्यशाला के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### बीपीएड की प्रायोगिक परीक्षा 19 को

**कुरुद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में बीपीएड 2 सेमेस्टर पीसी 201, 202 एवं 202 12वीं बैच, बीपीएड 2 सेमेस्टर टीपी 201, 12वीं बैच, बीपीएड 4 सेमेस्टर पीसी 401 एवं 402 11वीं बैच एवं बीपीएड 4 सेमेस्टर टीपी 401 एवं 402 11वीं बैच की प्रायोगिक परीक्षा प्रातः 6:30 बजे से शारीरिक शिक्षा विभाग में होगी। छात्रों को खेल गणवेश में उपस्थित होना अनिवार्य है। महाविद्यालय की ओर से भोजन, यात्रा एवं दैनिकभत्ता किसी भी वर्ग के अभ्यर्थियों को देय नहीं होगा।

### रूद्री स्कूल अब नवीन अध्ययन केन्द्र

**धमतरी।** राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा कक्षा दसवीं और बारहवीं की ओपन परीक्षा संचालित करने के लिए आवेदन फॉर्म अग्रेषण हेतु शिवसिंह वर्मा आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी को अध्ययन केन्द्र बनाया गया था। इसके स्थान पर अब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूद्री को नवीन अध्ययन केन्द्र बनाया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूद्री को निर्देशित किया है कि वे पूर्व अध्ययन केन्द्र शिवसिंह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी से केन्द्र के सभी दस्तावेज प्राप्त कर लें। साथ ही छात्रहित को ध्यान में रखते हुए राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा माह अगस्त-सितम्बर परीक्षा 2025 के लिए अधिक से अधिक संख्या में ओपन स्कूल के प्रवेश आवेदन फॉर्म जमा करना सुनिश्चित करें।

अधिक लागत के कारण गरीब वर्ग के लोगों में उत्साह नहीं

# घरों की छत पर उतरने लगी सूर्यघर बिजली योजना





■ राज्य सरकार से सब्सिडी देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सालों से जिस योजना का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, वह अब घरों की छत पर उतरने लगी है। हालांकि जिस रफ्तार से सूर्यघर योजना को धरातल पर आना चाहिए वैसी स्पीड इसमें नहीं है। पूरे जिले में अब तक करीब 60 कन्जूमर ऐसे हैं जो घर में बिजली पैदा कर रहे हैं। इसकी खपत भी कर रहे हैं और बिजली विभाग को बेच भी रहे हैं।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना देश के घरों में सौर ऊर्जा से मुफ्त बिजली मुहैया कराने का महत्वाकांक्षी सरकारी प्रयास है। इस योजना के तहत घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी दी जाती है। इस योजना की शुरुआत 15 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। पिंक सिटी कालोनी निवासी श्रीकांत सरोज सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से काफी खुश है। उन्होंने बताया कि नवंबर दिसंबर माह में वेंडर शशांक शेखर के माध्यम से घर की छत पर तीन किलोवाट का सोलर पैनल सिस्टम लगाया जिसके लिए बैंक ने दो लाख रूपए का फाइनेंस किया। 78 हजार रुपए शासन से सब्सिडी मिली। शेष राशि को 7 प्रतिशत सालाना ब्याज की दर से 3000 रूपये महीने किस्त के रूप में जमा कर रहे हैं। श्रीकांत सरोज ने बताया कि उनका बिजली बिल आम दिनों में 1500 से 2000 रुपए आता था। वहीं गर्मी में 4 हजार रुपए तक बिल जमा करना पड़ता था। पिछले 4 माह से अब उसे बिजली का कोई भुगतान नहीं करना पड़ रहा है, उल्टे चार माह में 1200 रुपए की अतिरिक्त बिजली विद्युत विभाग के पास जमा है।

सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने वाले डा. तुषारकांत ने बताया कि योजना का बहुत अच्छा रिजल्ट है। उन्होंने 6 किलोवाट का सिस्टम घर की छत पर लगाया है। 3.20 लाख में 1 लाख कैश लगाया बाकी रकम को बैंक ने फाइनेंस किया। बैंक की किस्त 3225 रुपए है। उन्होंने बताया कि पहले 6 हजार रुपए का बिजली बिल आता था। दो माह से स्थिति यह है कि 2700 रुपये बिजली विभाग के पास जमा है। डा. श्रीकांत का कहना है कि केरल प्रदेश में 100 यूनिट से अधिक बिजली बचती है तो वहां की राज्य सरकार उपभोक्ता के खाते में शेष बिजली का पैसा ट्रांसफर करती है लेकिन यहां ऐसा नहीं है। उन्होंने सूर्यघर योजना की प्रशंसा की।

#### 3000 पंजीयन में 59 घरों में लगा सिस्टम

विद्युत विभाग की अधिकारी प्रेमलता देवांगन ने बताया कि जिले में करीब 3000 लोगों ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए आनलाइन पंजीयन किया है जिसमें से धमतरी शहर एवं ग्रामीण में 49 तथा कुरूद में 10 सिस्टम लगाए गए हैं।

#### राज्य सरकार सब्सिडी दें तो योजना में आएगा बूम

धमतरी के वेंडर शशांक शेखर ने बताया कि शहर में वे 21 सिस्टम लगा चुके हैं। सबके यहां बिजली बिल जीरो आ रहा है। बैंक का लोन फाइनेंस पेनकार्ड, आधारकार्ड, बिजली बिल, बैंकखाता के माध्यम से आसानी से हो जाता है। 1 किलोवाट वाले सिस्टम में 80 हजार की लागत आती है जिसमें 30 हजार छूट मिलती है। 2 किलो वाट में करीब 1.50 लाख की लागत आती है । उसमें 60 हजार की छूट है। जबकि 3 किलो वाट एवं इससे अधिक के सिस्टम में 78 हजार रुपए की सब्सिडी मिलती है। वेंडर शशांक शेखर का कहना है कि इस योजना का लाभ लेने लोगों में खूब दिलचस्पी है। शासकीय वर्ग तथा उच्च मध्यम वर्ग के लोग योजना का लाभ ले रहे हैं, लेकिन गरीब वर्ग के लोग चाहकर भी इस योजना का लाभ नहीं ले रहे हैं। गरीब वर्ग के लोग बैंक की किस्त के चक्कर में नहीं फंसना चाहते हैं। वेंडर का कहना है कि राज्य सरकार ने सूर्यघर बिजली योजना में 1 किलोवाट में 15 हजार, 2 किलोवाट में 30 हजार तथा 3 किलोवाट तथा इससे अधिक में 45 हजार सब्सिडी की घोषणा की है। राज्य सरकार यह सब्सिडी देती है तो घरों की छत में सोलर पैनल नजर आएंगे।

# अतिक्रमित जमीन पर नगर निगम का हक

■ न्यायालय ने लगाई मुहर, कब्जा हटाने अब होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर के टिकरापारा वार्ड स्थित जमीन विवाद पर न्यायालय ने नगर निगम के पक्ष में अपना फैसला सुनाते हुए मुहर लगा दी। कोर्ट से फैसला आने के बाद नगर निगम कब्जा हटाने की कार्रवाई करेगा।

आयुक्त प्रिया गोयल ने बताया कि टिकरापारा वार्ड स्थित 0.18 एकड़ भूमि खसरा नंबर 880/1 को लेकर कोर्ट में मामला चल रहा था जिसका फैसला निगम के पक्ष में आया है। इस भूमि को लेकर दस साल पहले तत्कालीन अध्यक्ष अंजुम इस्लामिया कमेटी धमतरी ने दावा प्रस्तुत किया था। इससे पहले भी सिविल न्यायालय ने इसे खारिज कर दिया था। इसके बाद पुनः अपील की गई, जिसे न्यायालय ने पुनः निरस्त कर दिया। न्यायालय के इस फैसले के बाद नगर निगम उक्त भूमि पर अपना वैधानिक अधिकार स्थापित करने की प्रक्रिया में जुट गया है। निगम ने वर्तमान में भूमि पर काबिज व्यक्तियों को नोटिस जारी करते हुए स्वेच्छा से जगह खाली करने का आग्रह किया है। निर्धारित अवधि में खाली नहीं करने पर निगम टीम नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

आयुक्त ने चर्चा में कहा कि न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हुए संबंधित पक्ष को नोटिस भेजा जाएगा। हमारी कोशिश रहेगी कि शांति और सदभावना के साथ यह कार्रवाई पूरी हो। इस मामले पर नगर निगम पूरी संवेदनशीतला के साथ कार्य कर रहा है ताकि शहर की व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द्र प्रभावित न हो। नागरिकों से अपेक्षा की जा रही है कि वे प्रशासन को सहयोग प्रदान करें और कानूनी प्रक्रिया को सहज रूप से संपन्न होने दें।


# नहर में डूब रही युवती को बचाने का वीडियो वायरल

■ आत्महत्या का प्रयास या पैर फिसला, उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रूद्री बरॉज की मुख्य नहर में एक युवती के कूदने तथा उसे दो युवकों द्वारा बचाने का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। युवती ने आत्महत्या के इरादे से नहर में छलांग लगाई थी या पैर फिसल गया था, इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं।

रूद्री बरॉज से मुख्य नहर में निस्तारी तथा पेयजल के लिए भारी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है। बुधवार को एनआर ध्रुव रूद्री के घर कार्यक्रम में पहुंचा युवक मुख्य नहर में नहाने के लिए पहुंचे था तभी एक युवती पुल में गिरी जिसे युवकों ने देखा। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि लड़की पानी में बह रही है। वीडियो में आवाज आ रही है। युवती काफी समय से पुल में खड़ी थी। वहीं पर मौजूद दो लड़के बिना किसी देर लगाये नहर में छलांग लगा दी और उसे सुरक्षित बचा लिया।





#### तरह-तरह की हो रही चर्चा

बताया जा रहा है कि लड़की आमदी क्षेत्र की है। उसके पास से सुसाइड नोट भी मिला था। लेकिन पुलिस की पूछताछ के दौरान उसने पुल से पैर फिसलने के कारण नहर में गिरने का बयान दिया है।

मांग व शिकायत से कराया अवगत

# छग स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ धमतरी ने सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों व शिकायतों से अवगत कराया। संघ ने गुरुवार को सीएमएचओ डा.यूएल कौशक को दिए ज्ञापन में मुख्य रूप से पूर्व में दिए गए पत्रों पर कार्रवाई नहीं किए जाने पर निंदा जाहिर की। वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुजरा में पदस्थ विकासखंड प्रबंधक द्वारा मानसिक प्रताड़ना किए जाने की शिकायत की गई। कार्यालय संचानालय स्वास्थ्य सेवाएं के निर्देश को दरकिनार करते हुए जिले के कर्मचारियों के संलग्नीकरण पर रोक लगाते हुए मूल पदस्थापना स्थल पर भेजे जाने का निवेदन किया गया। इसके साथ ही नगरी में लिपिकीय वर्गीय कार्य को चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी से कराए जाने का कर्मचारी संघ ने विरोध किया है।

उप अभियंता ने मेचका थाना में कार्रवाई के लिए दिया आवेदन

# सोंढूर बांध से 36 नग पानी सप्लाई पाइप की हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बांध के नीचे रखे पानी सप्लाई के 36 नग पाइप की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है।

पुलिस के अनुसार बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम सोनपुर निवासी हीराचंद खुटियारे पिता भैयालाल उम्र 25 वर्ष महानदी जल परियोजना बांध उपसंभाग 01 मेचका में उप अभियंता के पद पर पदस्थ हैं। सोंढूर जलाशय के नीचे स्थित नियंत्रण कक्ष के पानी सप्लाई का 36 नग पाइप लंबाई 6 मीटर रखा हुआ था। जो उपअभियंता की देखरेख में था। बीते माह पाइप अपने स्थान पर था। उसके दूसरे दिन सुबह बांध की गेज रिपोर्ट बनाने के लिये जाते समय पानी सप्लाई का 36 नग पाइप कीमत 10 हजार रूपये उक्त स्थान पर नहीं था। पाइप की रात्रि में अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। उप अभियंता ने घटना की जानकारी अनुविभागीय अधिकारी बांध उपसंभाग क्रमांक 01 को दी। तत्पश्चात बीते दिनों उप अभियंता हीराचंद खुटियारे ने मेचका थाना पहुंचकर कार्रवाई के लिये लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। मेचका पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 भादंसं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# पीडीएस चावल से लदा ट्रक पेड़ से टकराया

■ नगरी रोड में हुई घटना, चालक को मामूली चोट आई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



चावल भरकर धमतरी की ओर आ रहा ट्रक ब्रेक फेल हो जाने से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। घटना में चालक को मामूली चोट लगी है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को ट्रक क्र. सीजी 11 एआर 6777 सरकारी चावल भरकर नगरी से धमतरी की तरफ आ रहा था। नगरी मार्ग में ग्राम कुम्हड़ा के पास पुल का निर्माण किये जाने के कारण इस रूट से गुजरने वाले वाहनों के लिए मार्ग डायवर्ट कर बाजू से रास्ता बनाया गया है। चावल से लदा ट्रक पुल के बाजू से जंगल में बनाए गए डायवर्ट रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। इससे वाहन अनियंत्रित होकर जंगल के भीतर एक पेड़ से टकराकर रूक गया। इस घटना में ट्रक के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं चालक को मामूली चोट लगी है। सूचना पर केरेगांव पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंच गई।

#### लंबे समय से बंद है निर्माण कार्य

बताया गया है कि नगरी मार्ग वनांचल क्षेत्र व उड़ीसा को धमतरी से जोड़ता है। इस स्टेट हाईवे में ग्राम कुम्हड़ा व कुम्ड़ाईन देवी मंदिर के बीच स्थित पुल पुराना हो गया था जिसे तोड़कर नया बनाया जा रहा है किंतु लंबे समय से निर्माण कार्य बंद है जिसके कारण इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

स्वीकृत पांच करोड़ से मौजूदा बस स्टैंड को किया जा सकता है चकाचक

# बस संचालकों एवं व्यापारियों ने नये बस स्टैंड का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



खपरी में प्रस्तावित हाईटेक नया बस स्टैंड का शहर के व्यापारियों, बस संचालकों एवं यात्रियों ने विरोध करते हुए कहा कि नया बस स्टैंड का कायाकल्प किया जाना चाहिए ताकि शहर के लोगों को सुविधाएं शहर में ही मिल सके।

बस स्टैंड के व्यापारी राजेश जैन, लक्ष्मण साहू पहलवान, लक्की, पप्पू, कन्हैयालाल, सुधीर बंगानी का कहना है कि खपरी में प्रस्तावित नया बस स्टैंड का निर्माण फिजूलखर्ची है। पांच करोड़ में मौजूदा बस स्टैंड चकाचक हो सकता है। यात्री प्रतीक्षालय, सुरक्षा गार्ड, फ्लोरिंग रिपेयरिंग, लेट, बाथरुम, रेस्ट रुम, फीडिंग रुम, बस स्टाप आदि के लिए पर्याप्त जगह है। इसे सुव्यवस्थित करने की जरुरत है। कम खर्च में मौजूद बस स्टैंड चकाचक हो सकता है। चूंकि यह बस स्टैंड शहर के मध्य में है इसलिए यात्रियों को आवागमन करने में परेशानी नहीं होती। महिलाएं भी मध्य रात्रि में अपने घर जा सकती हैं। खपरी में बस स्टैंड बनाने से यात्रियों को परेशानी होगी। बस के लिए आटो रिक्शा, टैक्सी से खपरी जाना पड़ेगा। यह यात्रियों के लिए एक्स्ट्रा खर्च है। रात में महिलाओं की सुरक्षा करना मुश्किल है। आउटर में होने की वजह से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हो सकता है। लूटपाट चोरी डकैती आदि घटनाएं हो सकती हैं।

प्रतिदिन यात्रा करने वाले सर्विस क्लास के नरोत्तम साहू, मुकुंद निषाद, राधेश्याम नाग का कहना है कि खपरी में बस स्टैंड स्थापित करने से यात्रियों को आने-जाने में परेशानी होगी। टैक्सी, आटो में सफर करना खतरे से खाली नहीं रहेगा। जिला एवं स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि लोकहित को ध्यान में रखकर मौजूदा बस स्टैंड का कायाकल्प करना चाहिए।

### राहुल-सोनिया गांधी का पुतला दहन आज

**धमतरी।** नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी की संलिप्तता के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा 18 अप्रैल को प्रातः 11 बजे गांधी मैदान में राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी का पुतला दहन एवं कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया जायेगा।


हरिभूमि

पाठक सूचना

धमतरी जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### भखारा में येलो ब्लिंकर लगाने की मांग

**कोर्रा(भखारा)।** रायपुर-धमतरी राजकीय मार्ग पर यातायात के बढ़ते दबाव एवं बढ़ती हुई दुर्घटनाओं को देखते हुए नगर पंचायत भखारा में मुख्य मार्ग सेमरा मोड़, भेड़सर मोड़ स्वागत गेट, कोलियारी बाईपास चौराहा, पुराना बाजार चौक, अटल चौक, भठेली मोड़, धमतरी रोड स्वागत गेट, सिहाद मोड़ एवं क्रॉसिंग पर येलो ब्लिंकर लगाने की मांग नगरवासियों ने की है।

### खनिज विभाग की सभापति बनीं कुलेश्वरी

**अंवरी।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 से निर्वाचित कुलेश्वरी गायकवाड़ को जिला पंचायत के



खनिज विभाग की सभापति बनाई गई है। कुलेश्वरी के सभापति बनने पर विधायक अजय चंद्राकर, जनपद पंचायत कुरुद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पूर्व जनपद सदस्य सुनील गायकवाड़, लेखराम साहू, रंजीत जांगड़े ,जागेश्वर निर्मलकर, उदित सोनवानी, भूखन धीवर, कैलाश निर्मलकर, फलेन्द्र ध्रुव, राहुल गायकवाड़, संदीप डहरिया, केश्व साहू, मंशाराम चतुर्वेदी, गोपीराम साहू, शिवकुमार साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### इलाज के दौरान ग्रामीण की हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत बाबू साल्हेटोला निवासी 55 वर्षीय सुनाराम शोरी का ईलाज के दौरान 20 मार्च की रात साढ़े 9 बजें धमतरी के निजी अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया किया कि मृतक को ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया, जहां ईलाज के दौरान मौत हो गया। नरहरपुर थाना में असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया, समाचार लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि मृतक की मौत किन कारणों से हुई है।

### युवक की रायपुर के अस्पताल में मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत मद्रासीपारा इंदिरा गांधी वार्ड निवासी 38 वर्षीय नरेश पोटाई का ईलाज के दौरान 28 फरवरी की सुबह पौने 4 बजें रायपुर के डीकेएस अस्पताल में मौत हो गई। बिना नंबरी मर्ग डायरी भानुप्रतापपुर थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में पता चल सकेगा कि मृतक किस कारण से रायपुर के अस्पताल में भर्ती हुआ था और मौत क्यों हुई।

## निधन

### लक्ष्मण सिंह कंवर

**मगरलोड।** ग्राम सोनपैरी निवासी व रोजगार सहायक लक्ष्मण सिंह कंवर



का 16 अप्रैल बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे छेरकिन बाई के पुत्र, उषा बाई कंवर के पति, नरेन्द्र कंवर के पिता थे। मृतक की शव यात्रा में सैकड़ों ग्रामीणों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

### शासकीयकरण की मांग को लेकर एक माह से हैं आंदोलनरत

# पंचायत सचिवों की क्रमिक भूख हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



शासकीयकरण की मांग पूरी होते न देख हड़ताली सचिवों ने आंदोलन तेज कर दिया है। सचिवों ने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी है। क्रमिक भूख हड़ताल को एक सप्ताह हो चुके हैं। कुरुद के जनपद परिसर में सुदर्शन साहू, प्रेमसिंग साहू, देवाराम साहू, नरेंद्र साहू, जागेश्वर बैस भूख हड़ताल पर बैठे हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर जिले के सचिव 17 मार्च से जनपद पंचायत परिसर कुरुद में बेमुद्दत हड़ताल पर हैं। इससे ग्राम पंचायतों में कामकाज पूरी तरह से ठप पड़ गया है। पंचायत सचिव संघ के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश चन्द्राकर ने बताया कि शासकीयकरण की मांग को लेकर प्रतिनिधि मंडल ने पंचायत मंत्री से मुलाकात की थी, लेकिन सहमति नहीं बनने से वार्ता विफल रही। आंदोलन को तेज करते हुए क्रमिक भूख हड़ताल जारी रहेगी।

इस आंदोलन में जिला सचिव रेखराम साहू, ब्लॉक सचिव वेदप्रकाश साहू, लुकेश साहू, दिनेश निषाद, महेश साहू, तोरण वर्मा, चम्पेश्वर साहू, मनीष सिन्हा, प्रीतिराम ,नायक , कन्हैयालाल, नरेंद्र,तुषार, मोहनीश, भूपेश, मोहन, गीतेश्वर, कृष्णकुमार, कुणाल, त्रिलोक ध्रुव, तुलाराम, तेजराम, युवराज, लीलाराम, खेदन, दुकालू, रामजी, तुलाराम, गैंदलाल भरतलाल, ताराचंद, रूपचंद, शीला साहू, हीरेश्वरी, गीतांजलि, पुष्पा, कन्या, जागेश्वरी, ग्रीष्मा, दुलेश्वरी शामिल रहे।

### 21 से दिल्ली के जंतर-मंतर में अनिश्चितकालीन धरना

सचिव संघ के प्रदेश महामंत्री प्रकाश चंद्राकर ने बताया कि 20 अप्रैल को प्रत्येक ब्लाक के 15 -15 सचिव जंतर मंतर मैदान दिल्ली के लिए रवाना होंगे। 21 अप्रैल से मांग पूरी होने तक जंतर मंतर के मैदान में अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने वादा किया था कि चुनाव जीतने के 100 दिवस के भीतर पंचायत सचिवों के शासकीयकारण की गारंटी दी थी, लेकिन अब तक पूरी नहीं हो पाई है।

### कई सचिव रिटायरमेंट की कगार पर

ब्लॉक प्रवक्ता तामेश्वर साहू ने बताया कि चुनाव जीतकर आए भाजपा की सरकार को करीब दो वर्ष पूरा होने वाला है, लेकिन उनकी मांगों पर सरकार गंभीरता नहीं दिखा रही है। आंदोलन से कई जनहित के काम रुके हुए हैं। कई पंचायत ऐसी भी है जहां के सरपंच अभी तक प्रभार नहीं ले पाये हैं। इससे पंचायत सचिवों में काफी आक्रोश है। यही वजह है कि पंचायत सचिव इस बार आरपार की लड़ाई के मूड में है, क्योंकि कई सचिव जल्द ही रिटायरमेंट की कगार पर है। शासन की अनदेखी से ऐसे सचिवों के भविष्य पर खतरा मंडराने लगा है।

### कौहाबाहरा में पोषण पखवाड़ा मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

परियोजना नगरी सेक्टर डोंगरडुला 2 आंगनबाड़ी केंद्र कौहाबाहरा के बीचपारा 1, बीचपारा 2, टीपपारा में पोषण पखवाड़ा मनाया गया साथ ही 3 वर्ष पूर्ण किये माहिर नेताम का शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दुतिका नेताम, सोनिया विश्वकर्मा, जैत्री नेताम, सहायिका सावित्री मंडावी, महिला मंडली की अध्यक्ष प्रेमबती मंडावी, समूह अध्यक्ष सुकबाई नेताम, सचिव बासन बाई नेताम, राजबाई नेताम, अनसुईया नेताम, चंद्रिका नेताम, प्रमिला नेताम, नीरा बाई नेताम, बाल बाई नेताम, लुकेश्वरी, भवानी नेताम, शांति बाई मंडावी, एती बाई वट्टी, नगीना नेताम, सिया बाई नेताम, नर्मदा नेताम, कांति वट्टी, सगारो वट्टी, दशरी यादव, विजयी वट्टी उपस्थित रहीं।

# समाज के निर्माण में यादव समाज की अग्रणी भूमिका : अंबिका

- तुमड़ीबहार में वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज उपपरिक्षेत्र भोथली अंतर्गत तुमड़ीबहार में वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती अंबिका मरकाम विधायक रहीं। विशिष्ट अतिथि श्रीधन सोम जनपद सदस्य नगरी, ज्योति सोम सरपंच, नरेश माझी सरपंच बेलरबाहरा, जीवन नाग सरपंच मेचका, भानेद्र ठाकुर उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, भूषण साहू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी, लीलाशंकर धुर्व ग्राम पटेल, गोवर्धन यादव संरक्षक, उपपरिक्षेत्र यादव समाज भोथली, राधेश्याम यादव सचिव, नरेश यादव उपाध्यक्ष, उपपरिक्षेत्र यादव समाज भोथली, अजय यादव कोषाध्यक्ष, यादव समाज नगरी, डीके यादव अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ थे।

मुख्य अंबिका मरकाम ने यादव समाज की एकजुटता, सामाजिक चेतना और संगठन की मजबूती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यादव समाज ने हमेशा समाज निर्माण में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई है। इस प्रकार का आयोजन समाज को न केवल एकजुट करता है, बल्कि नई पीढ़ी को भी प्रेरित करता है। उन्होंने समाज की मांग पर तुमड़ीबहार में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। आगे कहा कि यह भवन समाज के सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का केन्द्र बनेगा। इससे समाज के विकास को नई दिशा मिलेगी। मौके पर समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया।

# सहकारी कर्मियों ने सुशासन तिहार में दिए आवेदन

- तीन सूत्री मांगों को पूरा करने शासन से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी



जिले सहित प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों में लगभग 15,000 से अधिक कर्मचारी वर्षों से पूरी ईमानदारी, निष्ठा के साथ अल्प वेतन पर बिना सुविधा के काम कर रहे हैं । लंबित तीन सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सहित स्वास्थ्य मंत्री, अशोक बजाज और छत्तीसगढ़ शासन के आला अफसर से मुलाकात भी की। महासंघ की कोर कमेटी बैठक में लगभग तीन घंटे चर्चा होने के बावजूद भी सकारात्मक पहल नहीं होने पर अनिश्चित कालीन आंदोलन चलता रहा। उनकी लंबित तीन सूत्रीय मांग मध्यप्रदेश सरकार की भांति तीन-तीन लाख रुपये प्रदेश की 2058 सहकारी समितियां को प्रतिवर्ष प्रबंधकीय अनुदान देने , वर्ष 23-24, 24-25 में धान की सूखत देने शून्य शॉर्टेज प्रोत्साहन राशि देने ,जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के रिक्त समिति प्रबंधकों की भर्ती समिति के कर्मचारियों से 50 प्रतिशत सेवा नियम 2018 के तहत करने की है। प्रदेश के अध्यक्ष एवं जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने सुशासन तिहार में शासन से मांगों की पूर्ति करने की गुहार लगाई है।

# बिजली की आंख-मिचौली से क्षेत्रवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



बिजली की लगातार आंख मिचौली से इन दिनों भखारा नगरवासी सहित गांववालों की नींद हराम हो गई है। इससे चरमराई विद्युत व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है।

लोगों की यह भी शिकायत है कि विद्युत विभाग में कर्मचारी फोन नही उठाते हैं और कभी कभी तो आफिस में फोन नहीं लगता। कभी फोन लग भी जाए तो बिजली विभाग के कर्मचारी संतोषजनक उत्तर देने की बजाय जल्द बिजली आएगी कहकर फोन काट देते हैं। विभाग की लचर व्यवस्था से लोगों को सही तरीके से बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही हैं। विभाग की इस अव्यवस्था से जहां आमजन परेशान है। वहीं व्यवसायी भी नाराज हैं। मौसम में उमस होने से यह परेशानी और भी ज्यादा भयावह होने लगी है। बिना एसी, पंखे, कूलर के उमस भरी गर्मी में गुजारा नहीं होता जो लाइट न होने से और गंभीर हो जाती है। बिजली की इस आंख मिचौली से रोजमर्रा की जिंदगी पटरी से उतरने लगी है।

# सेमरा बी में 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी में कक्षा 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। 9वीं में कुल दर्ज 117 में 67 विद्यार्थी उत्तीर्ण, 25 अनुतीर्ण एवं 17 पूरक के पात्र हुए। नितिन कुमार पिता पुर्णेश कुमार 94.35 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, दीपेश पिता पन्नालाल चक्रधारी 91.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, कुमारी डोलिशा पिता टिकेश्वर महामला 89.83 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय रहे। कक्षा 11वीं कला संकाय में 59 विद्यार्थी में 36 उत्तीर्ण, 6 अनुतीर्ण एवं 17 विद्यार्थियों को पूरक की पात्रता प्राप्त हुई। रेणुका चक्रधारी पिता पन्नालाल 82.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, तमन्ना यादव पिता नीलमणि यादव 75.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं कृष्णा साहू पिता यशवंत कुमार साहू 69.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय रहे। 11वीं विज्ञान में कुल 19 विद्यार्थी में 17 उत्तीर्ण एवं दो विद्यार्थी को पूरक की पात्रता मिली। नीलम पिता प्रकाश 78.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, हिना पिता तामेश्वर साहू 75.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं झरना साहू पिता किशनलाल 72.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय रही 11वीं कॉमर्स में 19 में से 18 उत्तीर्ण एवं एक को पूरक की पात्रता मिली। गायत्री पिताश्री हीरामन देवांगन 87.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, सत्यम पिता मोहन प्रसाद 83.02 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं गोविंद पिता भारत सिंह 79.4 प्रतिशत के साथ तृतीय रहे। जनपद सदस्य बनिता लाल सिन्हा, सरपंच दुर्गा सिन्हा, उप सरपंच दीपक चक्रधारी, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष चेतन जैन, सांसद प्रतिनिधि चुन्नीलाल साहू, पालक समिति अध्यक्ष कमलेश साहू, उपाध्यक्ष लोकेश सिंह, बसंत साहू सदस्य, जेपी साहू सेवानिवृत शिक्षक, नारायण प्रसाद जोशी सेवानिवृत शिक्षक, विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भारतीय संविधान की शपथ लेकर दाम्पत्य सूत्र में बंधे

- मूल निवासी समाज की पहल से संपन्न हुआ संवैधानिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



मूल निवासी (ओबीसी-एससी-एसटी) समाज की पहल से आदिवासी भवन कुरूद में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई जिसमें भारतीय संविधान की शपथ लेकर सतवंत सिंह महिलांगे पिता हुकुमचंद महिलांगे और भारती टंडन ने पिता, परिवार व समाजजनों की उपस्थिति में विवाह कर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। यह संवैधानिक विवाह क्षेत्र में खासा चर्चा का विषय बना हुआ है। इस विवाह को भारतीय मूलनिवासी सामाजिक एकीकरण के नजरिया से देखा जा रहा है।

इस अवसर पर अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने कहा कि इतिहास सीखने की चीज है। डूबने की नहीं। इतिहास की गलतियों को दोहराए बिना वर्तमान में मेहनत कर समाज के उज्जवल भविष्य के लिए काम करने की आवश्यकता है। मूल निवासी समाज के बैनरतले संपन्न इस ऐतिहासिक विवाह वाले समय में यह ओबीसी एससी एसटी की एकता का प्रतीक बनेगा। बसंत ध्रुव, समारू सिन्हा, पुखराज ध्रुव, टिकेश्वर सिंह, पंडित शंकर दादा युवराज सिंह साहू, गजेंद्र टंडन, बोधन ध्रुव, हरीशचंद्र मंडावी, देवनाथ नेताम, ओमप्रकाश बर्मन ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि हमारे महापुरुषों के सपनों के भारत निर्माण को आगे ले जाने की बजाय आज हमारे जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक नेता महापुरुषों को केवल राजनीतिक लाभ के नजरिए से देखते हैं। इसलिए आज हम संकल्प लेते हैं कि गांधी और बाबा साहेब के सपनों के भारत को निर्माण को पूरा करने के लिए आजादी के दूसरी संघर्ष को और मजबूत करेंगे।

इस दौरान ललित ठाकुर, संतोष सोरी, लकेश्वर नेताम, रामायण ध्रुव, परमानंद कुर्रे, डॉ रोहित कुर्रे, शंकर रात्रे, युगलकिशोर साहू, भीम साहू, बालमुकुंद नेताम, कमलेश साहू, तुलसीदास बंजारे, समारोह राम सिन्हा, राकेश पटेला, धर्मेंद्र सिंह नेताम, यामिनी साहू, राजकुमार टंडन, श्यामलाल नेताम, तामेश्वर साहू, भीखम साहू, सूरजप्रकाश डहरे, नेकराम साहू, उदेराम पदाम, राजकुमार टंडन, सूरज प्रकाश डहरे उपस्थित थे।

# गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का हुआ अन्नप्राशन

- आंगनबाड़ी केन्द्र 6 और 7 में पोषण पखवाड़ा मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 6 और 7 में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। केन्द्र में पोषण के पांच सूत्र सुनहरे 1000 दिवस, पौष्टिक आहार, एनीमिया प्रबंधन एवं स्वच्छता पर चर्चा हुई । आंगनबाड़ी में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 6 माह पूर्ण बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इस मौके पर बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापकर सामुदायिक वृद्धि चार्ट व पोषण ट्रेकर एप में एंट्री की गई। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुलोचना साहू, माधुरी साहू, मितानिन अमृता लाहौरिया, खिलेश्वरी साहू, ऋषि साहू, ललिता गौर, परमेश्वरी देव सहित बड़ी संख्या में गर्भवती एवं शिशुवती माताएं व बच्चे उपस्थित थे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों ने शासन व्दारा सुपोषण, स्वास्थ्य सहित माताओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी माताओं को दी।

### तालाबों को भरने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं, लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा

# निस्तारी के लिए छोड़ा गया पानी खेत खलिहान में पहुंच रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



एक-एक बूंद को सहेजने और जल संसाधनों को सुरक्षित रखने जिला प्रशासन द्वारा कुछ माह पहले ही जल जगार महोत्सव मनाया गया था, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम में शामिल होकर जिला प्रशासन की पीठ थपथपाई थी। यह आयोजन 5 एवं 6 अक्टूबर 2024 को गंगरेल में हुआ था, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए थे। जिले के विभिन्न जगहों पर दीवार लेखन, रैली, प्रतियोगिता अनेक कार्यक्रम हुए थे। इस कार्यक्रम के कुछ ही महीने के बाद इस भीषण गर्मी में इसी जिले में पानी की भयंकर बर्बादी देखने को मिल रही है। जिले के नगरी सिहावा क्षेत्र की जनता की निस्तारी के लिए तालाब, पोखरों में सिंचाई विभाग द्वारा सोढूर बांध से नहरों के माध्यम से पानी दिया जा रहा है। क्षेत्र के तालाबों को भरने के लिए विभाग द्वारा कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है, केवल नहरों से तालाबों तक पानी को छोड़ दिया गया है जिससे खेत लबालब होकर तालाब का आकार ले लिया है। आलम यह है कि यह पानी एक खेत से होकर दूसरों खेत में बहते हुए बड़े क्षेत्र तक फैल गया है। यदि नहर से तालाब तक पानी ले जाने के लिए खेतों के किनारे नाली बनाकर व्यवस्था की जाती तो लाखों लीटर पानी को बर्बाद होने से बचाया जा सकता था।

बता दें कि इस भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रहे हैं। जल है तो कल है का नारा केवल दीवार में लिखने से पूरा नहीं होता। इसकी जिम्मेदारी आम जनता के साथ संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की ज्यादा होती है। यदि आज हम पानी की एक एक बूंद को नहीं सहेजेंगे तो निश्चित ही हमारा कल और हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा। इस संबंध में पक्ष जानने के लिए हमारे संवाददाता ने नगरी स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय का दौरा किया तो संबंधित अधिकारी के धमतरी रूद्री दौरे में होने जानकारी मिली जिसके कारण उनसे मुलाकात नहीं पाई। दूरभाष से संपर्क करने पर अधिकारी ने कहा कि फील्ड में कर्मचारी भेजकर बेकार में बह रहे पानी की समुचित व्यवस्था करने को कहा है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष ने दिया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भाजपा मंडल अध्यक्ष ग्राम सिलघट निवासी रवि सिन्हा ने अपने बच्चों के जन्मोत्सव पर स्कूली बच्चों को न्योता भोज देकर अपनी खुशी का इजहार किया। ग्राम की प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों को संयुक्त रूप से खीर, पूड़ी, गुलाबजामुन एवं अन्य व्यंजन परोसकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था के प्रधानाचार्यगण, शिक्षकगण एवं सिन्हा परिवार के लोग उपस्थित थे।

### शादी कार्यक्रम में फोटोशूट करने गए भाइयों पर हुआ था प्राणघातक हमला

# भखारा में फोटोग्राफर भाइयों पर हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भखारा पुलिस ने भखारा में फोटोग्राफर भाइयों के साथ अश्लील गाली-गलौज कर मारपीट करने और चाकू एवं बीयर की बोतल से चोट पहुंचाने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस घटना में एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल था, जिसे भी पुलिस ने पकड़ा है।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी पुषांक साहू ने 15 अप्रैल 2025 को थाना भखारा में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को वे अपने भाई हिमांशु साहू और दोस्त लेखराज ध्रुव के साथ ग्राम सुर्रा में एक शादी कार्यक्रम में फोटो शूट करने आए थे। रात करीब 11:30 बजे जब वे अपनी कार को रामलीला मैदान भखारा में पार्क कर कैमरा लेकर मेन रोड की तरफ आ रहे थे तभी भखारा निवासी भीष्म उर्फ छोटू माल अपने साथियों के साथ आया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने प्रार्थी का कॉलर पकड़कर हाथ-मुक्कों से मारपीट की और बीयर की बोतल व धारदार चाकू से हमला कर उन्हें चोट पहुंचाई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना भखारा में धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। भखारा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रार्थी के बयान के आधार पर आरोपी भीष्म कुमार उर्फ छोटू माल, गुलशन गर्ग, नवीन उर्फ समीर निर्मलकर और एक विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। नवीन उर्फ समीर निर्मलकर ने बीयर की बोतल से प्रार्थी के कान के पास मारा था, जबकि विधि से संघर्षरत बालक ने प्रार्थी के भाई हिमांशु पर चाकू से हमला किया था, जिससे उसकी पीठ में चोट आई। जब प्रार्थी ने अपने भाई को बचाने की कोशिश की, तो बालक ने उसके बाएं हाथ की कोहनी पर भी चाकू से वार कर दिया। लेखराज ध्रुव और ललित साहू ने बीच-बचाव कर उन्हें छुड़ाया। घायल दोनों भाइयों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरी रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में धारा 118(1) बीएनएस भी जोड़ी गई। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया गया है, जिसके चलते प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट भी जोड़ी गई है। प्रार्थी और गवाहों के बयानों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी भीष्म कुमार साहू उर्फ छोटू माल (31 वर्ष), गुलशन गर्ग (24 वर्ष) और नवीन उर्फ समीर कुमार निर्मलकर (18 वर्ष 09 माह) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस प्रकरण में शामिल विधि से संघर्षरत बालक की सामाजिक पृष्ठभूमि तैयार कर उसे माननीय किशोर न्यायालय धमतरी में पेश किया गया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भखारा उपनिरीक्षक उमाकांत तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक नीरज दुबे, आरक्षक हरिशंकर सिन्हा, दुष्यंत सिन्हा, ईश्वर साहू और महिला आरक्षक अमृता मत्स्यपाल का विशेष योगदान रहा।

## सामान्य प्रशासन की बैठक से जिम्मेदार अधिकारी गायब, जनप्रतिनिधि नाराज

■ बैठक में सड़क, पेयजल को लेकर हुई चर्चा, कार्यों का प्रस्ताव कलेक्टर को भेजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

जनपद पंचायत मगरलोड के सामान्य प्रशासन की बैठक जनपद अध्यक्ष विरेंद्र साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे। जनपद अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़क सिंगपुर से दुगली, हसदा से भेंडरी सड़क मार्ग पेंच कार्य तथा मार्ग में गहरे गड्ढा को भरने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ गंजीर को आदेशित किया गया है। जनपद क्षेत्र में हो रहे कार्यों की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को देने कहा गया।

गर्मी के मौसम में पेयजल, निस्तारी की समस्या पर चर्चा की गई। किंतु पीएचई विभाग के एसडीओ के उपस्थित नहीं हुए और उन्होंने अपने कर्मचारियों को भेजा था। आधी अधूरी जानकारी से जनप्रतिनिधि नाराज हुए।

बैठक में सभी कार्यों की समीक्षा कर प्रस्ताव कलेक्टर को भेजा गया है। बैठक में जनपद अध्यक्ष विरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू, कृषि सभापति राजेश साहू, तिलोत्मा साहू, नंदिनी साहू, डुगेश्वरी साहू, अनीता वर्मा, सरिता महार, कविता सिन्हा, यमुना साहू, विनीता साहू, कृष्ण कुमार ध्रुव, बबीता ध्रुव, हेमलता ध्रुव, राजकुमारी कश्यप, तेजराम साहू, विनीत जैन, दुर्गेश नंदनी साहू, गजेंद्र दीवान, रामजी नेताम, देवेंद्र कुमार पाल, पेमिन साहू, केवल राम कंवर, मुख्य कार्यक्रम अधिकारी दिव्या ठाकुर, पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज, करारोपण अधिकारी बेदराम सिन्हा, गुलाब चंद्राकर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष से मिले गोलछा, नाहटा



**नगरी।** भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव के नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष बनने एवं पदभार ग्रहण करने पर जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा एवं पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा ने रायपुर पहुंचकर बधाई दी।

### सामुदायिक भवन को निजी हाथों में सौंपने की साजिश : योगेश

**धमतरी।** नगर के वार्ड क्रमांक 29 बनियापारा वार्ड के नवनिर्मित सार्वजनिक सामुदायिक भवन को निजी हाथों में सौपने का मामला संज्ञान में आया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि पूर्व पार्षद ममता शर्मा के कार्यकाल में निर्मित सार्वजनिक सामुदायिक भवन को संस्कृत महाविद्यालय को किराए पर सौंपा जा रहा है जो वार्ड के लोगों की भावना से खिलवाड़ है। सामुदायिक भवन बहुप्रतीक्षित मांग थी। सामुदायिक भवन को संस्कृत महाविद्यालय के लिए किराए में दिए जाने के बाद वार्ड की गरीब जनता को पुनः अधिक राशि व्यय कर निजी भवनों पर आश्रित होना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि निगम में प्रतिनिधित्व कर रहे नेता क्या कमीशनखोरी के लिए इस प्रकार के जनविरोधी कार्य कर रहे हैं।



### गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई

**मगरलोड।** उपतहसील करेली बड़ी के आश्रित ग्राम खट्टी में मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

## जीवन में आने वाली चुनौतियां लोगों को सशक्त बनाती हैं : अंगीरा


■ मुजगहन के गोंडवाना भवन में लोकार्पण, होली मिलन एवं सम्मान समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जय बूढ़ादेव आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज समिति मुजगहन द्वारा गोंडवाना भवन में लोकार्पण, होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत धमतरी अध्यक्ष श्रीमती अंगीरा ध्रुव थीं। अध्यक्षता परसराम ध्रुव सेवानिवृत्त प्राचार्य ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती धनेश्वरी साहू सदस्य जिला पंचायत धमतरी, कीर्तन मीनपाल सदस्य जनपद पंचायत, होमेश्वर साहू सरपंच मुजगहन, दीनबंधु ध्रुव जिला उद्योग महाप्रबंधक जिला गरियाबंद, पूरण ध्रुव, पंच शैलेंद्र ध्रुव, श्रीमती दमयंतीन ध्रुव श्रीमती द्रौपदी ध्रुव, श्रीमती लीलेश्वरी ध्रुव थीं। जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर द्वारा दो लाख रुपए जिला पंचायत निधि की राशि से शौचालय निर्माण एवं साहित्यकार डुमन लाल ध्रुव के ज्येष्ठ पुत्र कीर्तिशेष स्व. युगान्तर ध्रुव की स्मृति में निर्मित स्नानागार का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगीरा ध्रुव ने कहा कि आज लोगों का जीवन चुनौतियों से भरा हुआ है। जीवन की यही चुनौती लोगों को सामना करने, अपनी आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए ज्ञान कौशल और मूल्यों को सशक्त बनाती है। रचनात्मक कार्यों को बढ़ावा देने का समाज ही सशक्त माध्यम है। श्रीमती धनेश्वरी साहू ने कहा कि आदिवासी समाज सदियों से संस्कृति, सभ्यताओं की मिसाल प्रस्तुत करता है जिसका प्रभाव हमारे सामाजिक ढांचे पर भी काफी पड़ा है। कीर्तन मीनपाल सदस्य जनपद पंचायत ने कहा कि एकता में ताकत होती है। एकता एकजुटता का प्रतिनिधित्व करती है। होमेश्वर साहू सरपंच ने कहा कि आदिवासी समाज की कला संस्कृति लोगों को हमेशा आकर्षित करती है। परसराम ध्रुव सेवानिवृत्त प्राचार्य ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन डुमन लाल ध्रुव तथा आभार व्यक्त जनक नेताम सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ने किया। इस अवसर पर श्रीमती दिव्या दीनबंधु ध्रुव, श्रीमती अनुसुईया महिपाल ध्रुव, श्रीमती कविता ध्रुव का शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हरिशंकर ध्रुव, यमन लाल ध्रुव, सियाराम ध्रुव, मयंक कुमार, व्यास नारायण, ज्ञानिक राम, बोधनराम, शंभुराम, लोकेश कुमार, सागर नेताम, प्रेमू नेताम, भीम, प्रेमलाल, नरेंद्र, श्रीमती उषा ध्रुव, मीना ध्रुव, रजनी, शैलेन्द्री नेताम, मोतिम नेताम उपस्थित थे।

## पीपरछेड़ी में दो दंतैल के पहुंचने से दहशत



■ मित्र दल की निगरानी में हाथी, दर्जन भर गांव में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सिकासेर दल के दो दंतैल केरेगांव रेंज के ग्राम पीपरछेड़ी के आबादी क्षेत्र में पहुंच गये हैं। हाथी निगरानी दल हाथी पर नजर रखा हुआ है। आसपास के दर्जन भर गांव को अलर्ट किया गया है। दल प्रमुख मंशाराम साहू ने बताया कि मंगलवार को दो दंतैल ने पैरी नदी पारकर सिंगपुर वनमंडल में प्रवेश किया। उत्तर सिंगपुर पठार परिक्षेत्र से होते हुए भारतमाला रोड को क्रास किया। इसके बाद ये हाथी केरेगांव परिक्षेत्र में बुधवार की रात 7 बजे पीपरछेड़ी के आबादी क्षेत्र में घुस गये। केरेगांव रेंज अंतर्गत दर्जन भर गांव में हाथी आने का अलर्ट किया गया है। पीपरछेड़ी के लोगों में दहशत है।

### सात बालिकाओं का हुआ विद्यारंभ संस्कार

**धमतरी।** दुलारी नगर में तीन कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया है। इस दौरान ओशी गुप्ता एवं माखनलाल साहू का जन्मदिन मनाया गया। सात बच्चों हनी, देवप्रिया, कुणाल तिवारी, लक्ष्य तिवारी, टिवंकल, मेघा और ओशी गुप्ता का विद्यारंभ संस्कार किया गया। यज्ञाचार्य के रूप में गायत्री प्रज्ञा मंडल रुद्री की टोली रही।

## कोसरिया यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन कुर्रा में हुआ





हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज का दो दिवसीय जिलास्तरीय वार्षिक अधिवेशन ग्राम कुर्रा में मनाया गया। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू, यादव समाज के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव थे। द्वितीय दिवस के अतिथि भखारा थाना प्रभारी थे।

इस दौरान 10 वीं 12 वीं में अच्छा अंक लाने वाले विद्यार्थियों और भोजन भंडारा में सेवा देने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभापति रामलाल यादव, बलराम यादव समेत समाजजन उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी चुनेश्वर यादव ने दी।

## अंबेडकर जयंती पर प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

■ गोंडवाना भवन में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन, काव्य पाठ, प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती पर गोंडवाना भवन धमतरी में समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य इकाई के तत्वावधान में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन, काव्य पाठ एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों के लगभग 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन अकादमी की संरक्षक श्रीमती सुशीला देवी वाल्मीकि ने किया। संचालन प्रांताध्यक्ष जीआर बंजारे ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथ डॉ. जीसी भारव्दाज प्राचार्य शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद जांजगीर चांपा, विशिष्ट अतिथि राम मिलन रावटे शिक्षाधिकारी-दंतेवाड़ा, पारस दास मानिकपुरी समाजसेवी दल्लीराजहरा, सुरेश कुमार ठाकुर लोक गायक-रायपुर व श्रीमती अनुसुईया बाई ध्रुव सरपंच बगदेही थे। बिशाल सिंह ध्रुवे, लिकेश कुमार धृतलहरे, ईश्वरी प्रसाद धृतलहरे, संयुक्ता बोस, विरेन्द्र कुमार डड़सेना, श्रीमती रेखा देवी जलक्षत्री, पुरानिक लाल चेलक ने काव्य पाठ प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए हरीश साहू, भगवंतीन निराला, वंशिका चैहान, सावित्री कहार, पुरूषोत्तम पटेल, सविता छाटा, मोनासिंह परिहार, कुसुम निषाद, नैना निषाद, तारासिंह चैहान, निर्मला मानिकपुरी, परदेशी बैरी निर्मलकर, पूर्णिमा साहू, सोनू टंडन, मुरलीधर बारिक, भोजनाथ मधुकर, अनिल साहू, डेविड निराला, सुनीता भांडेकर, रामदास मानिकपुरी, अनमोल साहू, मोनिका ठाकुर, पूनम सोनवानी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रेम सायमन, जयंत कुमार ध्रुव, प्रेम नजीर, भागेश्वर पात्र, डॉ.एआर ठाकुर, कमलेश दास मानिकपुरी, श्री राम डहरिया, मेहतर खापर्डे, ईराज दास महंत, गिरेन्द्र कुमार साहू, हरक मन्नाडे, एसडी बंजारे, डॉ.जेएल पाटले, संजय कुमार टंडन, सोहन लाल डहरिया, दिलीप कुमार देवांगन, घनश्याम नगारची, मुन्ना गुप्ता, नागेन्द्र तिवारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किया गांवों के स्कूल अस्पताल व भवनों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के विभिन्न गांवों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक शाला कोर्रा पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने कक्षा चौथी के विद्यार्थियों से बातचीत की और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सहित पहाड़ा, अंग्रेजी के सवाल आदि पूछे। कक्षा चौथी की साक्षी ने कलेक्टर श्री मिश्रा को पहाड़ा सुनाया। बच्चों ने अंग्रेजी के सवाल और मुख्यमंत्री का नाम भी बताया, जिस पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बच्चों की अपार आईडी, आयुष्मान कार्ड और जाति प्रमाण पत्र की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि स्कूल में दर्ज सभी बच्चों का अपार और जाति प्रमाण पत्र बन चुका है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कोर्रा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर वहां मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं को भी देखा। इस दौरान उन्होंने ओपीडी रजिस्टर की जांच की और इलाज हेतु आये मरीजों की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्टोर रूम में दवाइयों की उपलब्धता के बारे में पूछा तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि दवाइयों का वितरण करने से पूर्व एक बार एक्सपायरी डेट जरूर जांच लें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने महिला वार्ड में भर्ती बोरझरा निवासी श्रीमती छाया साहू से बात की तथा उन्हें जननी सुरक्षा योजना के तहत फॉर्म भी भरने कहा। श्रीमती छाया ने बताया कि महतारी वंदन की राशि उसे प्राप्त नहीं हो रही है, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल सीईओ कुरूद को जांच कर भुगतान कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर कुरूद विकासखण्ड के ग्राम हंचलपुर पहुंचे। यहां उन्होंने बिहान समूह के क्लस्टर भवन में समूह की महिलाओं से चर्चा की और उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने-अपने जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रहीं हैं। कलेक्टर ने समूह की महिलाओं को नर्सरी का काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस दौरान क्लस्टर की अध्यक्ष ने बताया कि क्लस्टर के 18 लोगों को ई-रिक्शा मिली है। वर्तमान में वे ई-रिक्शा चला रही हैं, जिससे उन्हें अच्छी आय हो जाती है। इस मौके पर पशु सखी श्रीमती संगीता साहू ने बताया कि पशु के रख-रखाव, जैविक खाद सहित पशुपालन से संबंधी जानकारी पशुपालकों को देते हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्रामीणों से भी चर्चा की। इस दौरान नल की मरम्मत नहीं होने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई। कलेक्टर ने तत्काल पम्प ऑपरेटर को नल सुधारने और समय-समय पर इसकी मॉनिटरिंग करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्राम परसतराई की मिसाल देते हुए कहा कि पानी संरक्षित करने के लिए वहां के किसानों ने फसल चक्र परिवर्तन को अपनाया है जिसके कारण परसतराई का जलस्तर काफी उपर आ गया है।

## विप्र ब्राह्मण समाज ज्ञान का सरोवर है : रामू

■ महापौर ने जिला एवं सभी तहसील के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला ब्राम्हण समाज का शपथ ग्रहण समारोह सामुदायिक भवन विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे हुआ। मुख्य अतिथि जगदीश रामू रोहरा महापौर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. चंद्रशेखर चौबे संरक्षक जिला ब्राम्हण समाज धमतरी ने की। मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने जिला एवं सभी तहसील के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण करवाया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश दीवान ने कहा कि आपने जिस उद्देश्य को लेकर मुझे प्रतिनिधि के रूप में चयन किया है मैं आप सभी के विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। इस अवसर पर श्री दीवान ने कौशल्या माता शाखा की प्रमुख श्रीमती बरखा दीवान, बिटिया सम्मान शाखा प्रमुख श्रीमती ललिनी मिश्रा एवं जिला प्रमुख सलाहकार एवं कार्यक्रम समन्वयक के पद पर महेंद्र पंडित के नाम की घोषणा की। डॉ. चंद्रशेखर चौबे ने कहा कि विप्र और विद्वतजन इन दोनों को जोड़े रखना एक दुष्कर कार्य है। अगर विप्र को जोड़ने की बात आती है तो विप्र होने के साथ-साथ वो विद्वतजन भी हैं। ऐसे लोगों को जोड़ना, संगठित करना अपने आप में बहुत बड़ा चैलेंज है। हम सब समाज के भले के लिए कार्य करेंगे।

रामू रोहरा ने कहा कि ब्राम्हण समाज सचमुच ज्ञान का सरोवर है। ज्ञान का भंडार है और जिनको ब्राम्हण का आशीर्वाद मिलता है, उसका जीवन सफल हो जाता है। समाज को शिक्षा देने के साथ साथ संस्कारित करने का कार्य किया है। ब्राह्मण समाज के लिए जमीन एवं भवन बनाने के लिए शासन से राशि स्वीकृति के लिए भरपूर प्रयास करूंगा। इस अवसर पर रामू रोहरा एवं डॉ चंद्रशेखर चौबे को शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन विनोद कुमार पांडेय ने किया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राकेश दीवान, उपाध्यक्ष मदन लाल शर्मा एवं देवकांत द्विवेदी, तहसील अध्यक्ष सूरज तिवारी, कमलेश तिवारी, यशवंत शुक्ला, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, गोपाल शर्मा, अनंत दीक्षित, अशोक मिश्रा, विद्याशंकर दीवान, भूपेंद्र मिश्रा, कृपाशंकर मिश्रा, विनोद पांडेय, रोहिताश मिश्रा, निशांत राज दुबे, चंद्रशेखर मिश्रा, जनकी प्रसाद शर्मा, रूपा झा, शोभा दुबे, सरिता शर्मा, मीनाक्षी मिश्रा, कविता मिश्रा, सुभाषिनी शर्मा, सीमा चौबे, सरिता दीवान, अर्चना पांडेय, प्रभा दीवान, आशा श्रोती, ममता हरीश शर्मा, निक्की दुबे, मंजुलता शर्मा समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

### देवरी में बाबा साहेब को याद किया गया

**अंवरी।** ग्राम पंचायत देवरी में भारतरत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती को दलित आइकन के सम्मान में मनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने अपना सारा काम और जीवन मजदूरों, महिलाओं और अछूतों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ऋषभ बने नपं आमदी के नेता प्रतिपक्ष



**धमतरी।** कांग्रेस ने जिले के नगरीय निकाय में नेता प्रतिपक्षों की सूची जारी कर दी है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना ने वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद ऋषभ ठाकुर को नगर पंचायत आमदी का नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। ऋषभ ठाकुर पहली बार पार्षद बने हैं पर परिजनों के पार्षद होने की वजह से उन्हें नगर पंचायत का अच्छा अनुभव है। ऋषभ ठाकुर के पिता स्व. चंद्रशेखर ठाकुर दो बार तथा मां अनीता ठाकुर एक बार की पार्षद रह चुकी हैं। ऋषभ ठाकुर को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष है।

### अछोटी स्कूल का स्वर्ण जयंती समारोह आज

**सिर्री।** प्रबंधन समिति, शाला परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से शासकीय प्राथमिक शाला अछोटी की 73 साल की सुखद यात्रा को स्वर्ण जयंती के रूप में मनाया जायेगा। समारोह का आयोजन 18 अप्रैल शुक्रवार को किया जा रहा है। 1953 में प्राथमिक शाला स्थापित की गई थी। कार्यक्रम सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होगा। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता सरपंच पूरनलाल धृतलहरे करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि अबिनाश मिश्रा जिलाधीश, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, उर्वशी जितेंद्र बांधेकर जनपद सदस्य, आनंद साहू उपसरपंच शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि टीआर जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी, सीके साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरूद, सुश्री प्रतिभा ध्रुव सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरूद सहित प्रथम बैच के छात्र केआर चंद्राकर, पुरानिक राम साहू होंगे।

### कांग्रेसजनों ने निगम कार्यालय में किया स्वागत

**धमतरी।** नगर पालिक निगम में नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उप नेता प्रतिपक्ष सत्येंद्र विशु देवांगन की नियुक्ति की गई है। नियुक्ति होने के बाद नेता प्रतिपक्ष, उपनेता प्रतिपक्ष निगम पहुंचे जिनका कांग्रेसजनों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष, उपनेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू समेत कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कहा कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना जरूरी है। शहर विकास में पक्ष-विपक्ष हम सब साथ खड़े रहेंगे। सरकार की गलत नीतियों का विरोध किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद सूरज गहरवाल, उमा भागी ध्रुव, सुमन मेश्राम, पूर्णिमा गजानंद रजक, ब्लाक अध्यक्ष योगेश शर्मा, आकाश गोलछा, प्रकाश पवार, गौतम वाधवानी, सोमेश मेश्राम, रजत सोनकर, विक्रांत पवार, श्रवण साहू, अजय वर्मा, राजेश पांडे, राजेश ठाकुर, अजय वर्मा, पंकज देवांगन, अविनाश मरोठे, देवेंद्र देवांगन, आशुतोष खरे, दीपक साहू, अजय डहरिया, पालू यादव, प्राचीन जगताप, श्यामलाल देवांगन, सूरज पासवान, हेमंत निर्मलकर, दुष्यंत साहू, बीरू साहू सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

होर्डिंग पर निगम हुआ सख्त, सिहावा चौक, अर्जुनी और नहर नाका चौक में हुई कार्रवाई

# दूसरे दिन भी चला अभियान, 120 से ज्यादा अवैध होर्डिंग हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर को सुंदर, व्यवस्थित और विज्ञापन मुक्त बनाने की दिशा में नगर निगम ने अवैध होर्डिंग और फ्लैक्स के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। बुधवार को निगम की टीम ने लगातार दूसरे दिन कार्रवाई करते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से करीब 120 से ज्यादा अवैध होर्डिंग हटाए। इस अभियान की शुरुआत सिहावा चौक से की गई, जो अर्जुनी चौक और नहर नाका चौक तक चली।

आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में निगम की अतिक्रमण शाखा, राजस्व शाखा की संयुक्त टीम शामिल रही। निगम



अधिकारियों ने स्पष्ट कहा है कि अवैध रूप से लगाए गए फ्लैक्स, होर्डिंग और पोस्टर्स न केवल शहर की सुंदरता को बिगाड़ते हैं, बल्कि ट्रैफिक व्यवस्था में भी बाधा डालते हैं। साथ ही ये सार्वजनिक सम्पत्ति पर अवैध कब्जा करने के समान है। टीम ने पहले से चिन्हांकित होर्डिंग को हटाया और कुछ स्थानों पर मौके पर ही जेसीबी मशीन की मदद से बड़े-बड़े फ्लैस भी हटाए।

उपायुक्त पीसी सार्वा ने कहा कि जिन लोगों ने बिना अनुमति या तय मापदंडों के विरुद्ध होर्डिंग और फ्लैक्स लगाए हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही



कहा कि नियमों के अंतर्गत होर्डिंग लगाने के लिए निगम से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। इसके उल्लंघन पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

इस अभियान के तहत अर्जुनी चौक और नहर नाका चौक क्षेत्र को विशेष रूप से टारगेट किया गया, क्योंकि इन क्षेत्रों में अवैध फ्लैक्स और होर्डिंग की संख्या काफी अधिक थी। कार्रवाई के दौरान कई राजनैतिक, सामाजिक और व्यवसायिक संस्थाओं के बैनर भी हटाए गए। निगम की इस मुहिम को शहरवासियों का भी समर्थन मिल रहा है। नागरिकों ने कहा कि यह कार्रवाई शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह अभियान भविष्य में भी इसी तरह जारी रहेगा और नियमों का पालन करने वालों को ही विज्ञापन की अनुमति दी जाएगी।

नगर निगम की टीम ने चेतावनी दी है कि यदि कोई दोबारा अवैध होर्डिंग लगाते पाया गया, तो उसके विरुद्ध आर्थिक दंड के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## 120 बच्चों ने किया जुम्बा डांस





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

संकुल प्राचार्य श्रीमती बी. मैथ्यू के मार्गदर्शन व संकुल समन्वयक राजेश मनवानी के सहयोग से दूसरे दिन का समर कैम्प सम्पन्न हुआ। संकुल के तीनों माध्यमिक शाला ब्राह्मणपारा, आमापारा एवं शिवसिंह वर्मा माध्यमिक शाला के कुल 120 बच्चे सम्मिलित हुए। कोरियोग्राफर लकी रजक ने विद्यार्थियों को जुम्बा डांस का अभ्यास करवाने के साथ बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। महिला बाल विकास संस्थान के तत्वावधान में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत विद्यार्थियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## यादव समाज भवन में बोरवेल के लिए भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती सरिता यादव की जनपद निधि से स्वीकृत राशि से अछोटा राजीव नगर स्थित यादव समाज भवन में बोरवेल के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि गैंदलाल ढीमर, जनपद पंचायत सदस्य कैलाश देवांगन, उपसरपंच तिहारू राम देवांगन, पंचगण महेश यादव, अनिष देवांगन, इंदु ध्रुव, रेणुका ध्रुव, शांति, यादव, रामनाथ ध्रुव, जितेंद्र देवांगन, धनुष साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष भोलानाथ देवांगन यादव समाज अध्यक्ष गोवर्धन यादव, राजेंद्र यादव, राजेश यादव, बाला यादव, प्रभाकर यादव, महेश ध्रुव, सागर निषाद उपस्थित थे।

## गुजराती समाज ने एसआरएम में देखी उम्बरो

- महिलाओं की यात्रा और उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर केंद्रित है यह फिल्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



वर्षों पूर्व धमतरी में गुजराती नाटक का मंचन और गुजराती चलचित्र का प्रदर्शन किया जाता था। इस परंपरा को आगे बढ़ाने श्री लोहाणा महाजन धमतरी एवं श्री लोहाणा महिला मण्डल धमतरी द्वारा प्रशांत एसआरएम में गुजराती फिल्म उम्बरो का प्रदर्शन किया गया। इसमें गुजराती समाज के परिवारों ने उत्साह से भाग लिया और 9 बजे से थिएटर में समाज की भीड़ उमड़ पड़ी। थिएटर का माहौल गुजरातमय लग रहा था। श्री लोहाणा महिला मण्डल की अध्यक्ष वंदना मिरानी एवं सदस्यों ने फिल्म देखने के बाद कहा कि फिल्म का शीर्षक उम्ब्रो जिसका अर्थ है दहलीज। फिल्म सात अलग-अलग कहानियां बताती है। यह फिल्म एक महिला की यात्रा और उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर केंद्रित है। शीर्षक उन बाधाओं को संदर्भित करता है जिनका सामना महिलाएं अक्सर करती हैं। फिल्म उस क्षण पर जोर देती है जब वे उस दहलीज को पार करने और आगे बढ़ने का फैसला करती हैं। भले ही यह फ़िल्म बहुत बड़ी न हो, लेकिन इसकी ताकत आम लोगों के संघर्ष और जीत के क्षणों को दर्शाने की इसकी क्षमता में निहित है। यह फ़िल्म महिलाओं की शक्ति और



सामाजिक बाधाओं से बाहर निकलने के महत्व की याद दिलाती है। लोहाना महाजन अध्यक्ष अरुण मिरानी ने इस आयोजन के सहयोग के लिए प्रदीप मिरानी, शरद लोहाना, डॉ उमेश लोहाना, श्रीमती कुंदनबेन राकुंडला, रविन्द्र लोहाना, परेश तन्ना, कमलेश कोठारी, तुषार राजपुरिया का आभार व्यक्त किया है।

## प्राकृतिक आपदा पर चार-चार लाख की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने प्राकृतिक आपदा से मृतक के परिजनों को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। कुरूद तहसील के ग्राम कठौली निवासी बुधरू राम निषाद की मधुमक्खियों के काटने पर मृत्यु होने के फलस्वरूप उनकी पत्नी श्रीमती उषा बाई निषाद को आरबीसी 6-4 के तहत चार लाख रूपये स्वीकृत किए गए हैं।

इसी तरह बेलरगांव तहसील के ग्राम पांवद्वार के देउराम नेताम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पुत्री हेमलता को, धमतरी तहसील के ग्राम सांकरा की सावित्री साहू की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता तेजपाल साहू को, भखारा तहसील के ग्राम जोरातराई निवासी यश कुमार साहू की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता नोहस सिंह साहू को, कुरूद तहसील के ग्राम मेंडरका निवासी यादराम साहू की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती रामेश्वरी को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसके साथ ही मगरलोड तहसील के ग्राम खड़मा निवासी पवन ध्रुव की विद्युत तार के करंट लगने से मृत्यु होने पर उनके पिता अक्तूराम ध्रुव को और भखारा तहसील के सेमरा सी निवासी दूजराम चक्रधारी की टूटे हुए विद्युत तार के सम्पर्क में आने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती लक्ष्मी को आरबीसी 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## दीपक बनाए गए ननि के नेता प्रतिपक्ष, विशु होंगे उपनेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महिमा सागर वार्ड के पार्षद दीपक सोनकर को नगर निगम के लिए नेता प्रतिपक्ष बनाया है। सत्येन्द्र विशु देवांगन को उपनेता मनोनीत किया गया है। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद श्री सोनकर ने कहा कि शहर हित के लिए हमेशा की तरह सकारात्मक भूमिका निभाएंगे। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष पद के लिए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट के अनुमोदन और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार कार्यालय महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने 16 अप्रैल को नियुक्ति आदेश जारी किया। 3 बार पार्षद चुने दीपक सोनकर को नेता प्रतिपक्ष बनाया है। श्री सोनकर सीनियर होने के साथ-साथ युवा हैं। वे निगम की गतिविधियों को भलीभांति जानते हैं। दीपक सोनकर को नेता प्रतिपक्ष बनाने के लिए 7 में से 6 पार्षदों ने अपनी सहमति दी। दीपक सोनकर ने नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद कहा कि नगर निगम के 40 वार्डों में विकास कार्य समान ढंग से होना चाहिए। शहर विकास के लिए हमारी सकारात्मक भूमिका होगी। लेकिन



दीपक सोनकर



सत्येन्द्र विशु देवांगन

अगर गलत और भेदभाव पूर्ण कार्य होंगे, तो उसका पुरजोर विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि आवास योजना के लिए 1500 लोगों का नाम भेजा गया था जिसे 2.0 बनाकर गरीबों के सपने को चकनाचूर कर दिया गया। एक तरह से फार्म ही रिजेक्ट कर दिये गये। जबकि 2.0 अभी अस्तित्व में ही नहीं आया है। जाति, आय प्रमाण पत्र की अनिवार्यता की गई थी जिसका हम लोगों ने विरोध किया और अब वह ठंडे बस्ते में है। श्री सोनकर ने आगे कहा कि नालंदा परिसर के लिए कचहरी के पास स्थित खईया जमीन को सिलेक्ट किया। अब सुनने में आया है कि इस जमीन को कैंसिल कर दिया गया है। आखिर किन्हें लाभ पहुंचाने के लिए जगह बदला जा रहा है। नालंदा परिसर के लिए यह स्थल उपयुक्त है। चारों ओर से विद्यार्थी आ जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि महापौर ने हाईटेक बस स्टैंड, तीन सड़कों का चौड़ीकरण, नालंदा परिसर और अन्य घोषणाएं की है। घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए टेंडर की प्रक्रिया को आगे बढ़ायें। श्री सोनकर ने नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने पर कांग्रेस के सभी वरिष्ठों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनता के सुख-दुख में हमेशा सामने खड़े होंगे। सभी पार्षद साथियों के साथ मिलजुल कर कार्य करेंगे। नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने पर पार्षद दीपक सोनकर का नगर निगम कार्यालय में कांग्रेसी पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया। आतिशबाजी की गई। कांग्रेसी पार्षदों ने कहा कि नगर निगम को एक सशक्त और मजबूत विपक्ष मिला है जो हर वर्ग को न्याय दिलाने के लिए खड़ा रहेगा। निगम में प्लेसमेंट कर्मियों को निकाले जाने के बारे में कहा कि उन्होंने इस संबंध में आयुक्त और महापौर से बात की है। उन्होंने आश्वासन दिया कि नये प्रोजेक्ट के माध्यम से उन्हें काम पर वापस लिया जायेगा।

## धमतरी जिला कार्ड पंजीयन में पूरे प्रदेश में चौथे स्थान पर

- पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा ने कराया आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिला अस्पताल धमतरी स्थित आयुष्मान भारत कियोस्क केंद्र में धमतरी के पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन कराया। उन्होंने जिले के सभी 70 साल व 70 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों से भी आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कराने अपील की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य



अधिकारी डॉ यूएल कौशिक ने बताया कि कार्ड पंजीयन में धमतरी जिला पूरे प्रदेश में चौथे स्थान पर है, जो कि 56.2 प्रतिशत उपलब्धि है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी वरिष्ठ नागरिकों को जल्द से जल्द अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या चॉइस सेंटर में उपस्थित होकर आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कराने और योजना का लाभ लेने की अपील की है। जिन हितग्राहियों का आधार कार्ड अपडेट नहीं होने के कारण कार्ड पंजीयन नहीं होने की दशा में तत्काल हितग्राही स्वयं नजदीकी आधार सेवा केन्द्र, चाइस सेंटर में अपने आधार कार्ड में घर का कोई भी एक्टिव मोबाइल नंबर लिंक कराने की भी अपील की है।

सीएमएचओ ने बताया कि जिले के सभी 70 व 70 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक अपने नजदीकी किसी भी शासकीय अस्पताल जैसे उपस्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल नगरी, बोराई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुजरा, मगरलोड, भखारा सहित जिला अस्पताल धमतरी में पंजीयन करा सकते हैं।

योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिकों को संयुक्त रूप से 5 लाख रुपए का टाप-अप प्राप्त होगा, जो परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा योजनांतर्गत उनकी पात्रता के अनुसार प्रस्तावित बीमा कवर का आंशिक या पूर्ण उपयोग कर लेने के बाद भी वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान किया जायेगा। इससे बुढ़ापे में होने वाली बीमारियों के इलाज में लगने वाली राशि को बचाया जा सकेगा।

## जाम नाली की सफाई कराई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



गुप्ता हास्पिटल रत्नाबांधा रोड काका केंटिंग के सामने की मेन नाली की सफाई विगत कई वर्ष से नहीं हुई थी जहां गंदगी व मच्छरों का आलम था। वहां के रहवासियों का रहना दुर्लभ हो गया था। महापौर रामू रोहरा व स्वास्थ्य विभाग के सभापति निलेश लुनिया ने निगम की टीम को जेसीबी सहित भेजकर वहां जाम नाली की सफाई कराई गई।

### गोरेगांव में शासकीय योजनाओं की जानकारी दी

**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर ग्राम गोरेगांव में गांव चलो घर-घर चलो अभियान के तहत केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर जाकर बताया गया और लाभ लेने की अपील की गई। मौके पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल महामंत्री गुरुप्रसाद साहू, बूथ अध्यक्ष भानुप्रताप साहू, ताराचंद साहू, सरपंच कन्हैयालाल नाग, वार्ड पंच समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

## असली विकास तब होता है जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचे : रंजना

- समरसता हमारे गांव व समाज को मजबूत बनाती है : श्यामा
- ग्राम पंचायत रुद्री में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान चलाया गया

**धमतरी।** ग्राम पंचायत रुद्री में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दरमियान डोर टू डोर संपर्क कर शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि गांव चलो, बस्ती चलो अभियान केवल एक सेवा कार्य नहीं है, यह एक ऐसा माध्यम है जो हमें खुद से जोड़ता है। हमें सिखाता है कि असली विकास तब होता है जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचे। यदि हम सभी मिलकर गांवों और बस्तियों की ओर कदम बढ़ाएं और समरसता का संदेश लेकर वहां जाएं तो न केवल हम किसी का जीवन संवारेंगे, बल्कि देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव भी रखेंगे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती श्यामा साहू ने कहा कि समरसता का अर्थ है समानता, एकता और भाईचारा। जब हम गांव और बस्तियों में काम करते हैं, तो हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि हम जाति, धर्म, भाषा, वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को एक समान दृष्टि से देखें। यही समरसता हमारे गांव व समाज को मजबूत बनाती है। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ प्रकाश गोलछा, जनपद सदस्य अनीता यादव, सरपंच लक्ष्मी बयां, प्रीतम साहू, गोपाल साहू, घनश्याम यादव, सुशांत राव, मुकेश यादव, कन्हैया यादव, मंगलू साहू, गणपत यादव, श्यामलाल, केशव साहू सहित ग्रामीणजन व कार्यकर्ता उपस्थित थे।













